# महान समाज सुधारक थे ज्योतिबा फुलेः आशु मलिक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए समाजिक एकता, सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया।

गागलहेडी चौक पर विधायक आशु मलिक ने कहा कि ज्योतिबा फुले भारतीय समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के अग्रदूत रहे हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच और अशिक्षा के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में सच्चा परिवर्तन लाया जा सकता है। गुफरान मलिक ने कहा कि ज्योतिबा फुले का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है।

इस अवसर मोहन सैनी, फुरकान मलिक, इमरान मलिक, हाफिज उवैश विधायक प्रतिनिधि हैदर मुखिया, शोएब मलिक, अभयसिंह एडवोकेट, जयराम गौतम प्रधान, महीपाल बाल्मिकी, विक्रम सिंह सैनी, कंवरपाल सैनी, महीपाल डा. एन आर सैनी, डा. सुशील सैनी, संजय सैनी, सोनू सैनी, प्रधान, कर्णसह सैनी बोहडूपुर, महावीर सैनी ऐडवोकेट, राकेश सैनी ढाला, सुधीर सैनी, मंडी प्रधान बादशाहपुर, बीना सैनी प्रधान छजपुरा, डा. भर्तसिंह, भरत सिंह स्वराज सैनी, राजकुमार सैनी, अजबसिंह सैनी तेलीपुरा, मोहित प्रधान इटावा, राकेश सैनी कलसिया, सचिन सैनी कलसिया, राव नावेद, मनिंदर राकेश, आयुश गुप्ता, सुबोध सैनी, संदीप सैनी, सुशील सैनी सरसावा, मांगेराम सैनी, अश्वनी सैनी, सुशील सैनी, पवन सैनी, रविंद्र सैनी, देश राज माजरी, आदि उपस्थित रहे।।

## विधायक का स्कूल में दौरा



शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** सहारनपुर देहात विधायक आशु मलिक ने क्षेत्र के गांव चौबारा में जमीअत हिमायतुल इस्लाम द्वारा संचालित स्कूल का दौरा किया। विधायक आशु मलिक ने वहां जमीअत हिमायतुल इस्लाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष कारी अबरार जमाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एकेडमी के शुभारंभ और शैक्षिक कार्य की सराहना करते हुए पूरी टीम को मुबारकबाद पेश की आशु मलिक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे इस सराहनीय कार्य से गांव के बच्चों को बेहतर भविष्य मिलेगा।

# विधायक गुंबर का नगर में जनसंपर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो


**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुंबर ने जनक मंडल बाल्मीकि बस्ती व जाटव बस्ती में जन संपर्क किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार द्वारा 11 वर्ष व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेश सरकार द्वारा 9 वर्ष में किये गए कार्यों व योजनाओं के बारे में जनसंपर्क के माध्यम से बताया ओर सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे हाईवे को 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर देश को समर्पित करने गणेश पुर में आ रहे हैं। यह राजमार्ग तीन प्रदेशों को जोड़ने का काम कर रहा है। पहले सहारनपुर से दिल्ली की दूरी 6 से 8 घंटे की हुआ करती थी। आज सहारनपुर से दिल्ली की दूरी दो से ढाई घंटे की हो गई है।

इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा तुषार मारवाह, पार्षद जसवीर मोगा, अजय खटाना, मनोज कपूर, राजीव शर्मा, गौरव रस्तोगी, विवेक राजपूत, करण सभरवाल, पुनीत सिंह धीर, सनी दीक्षित, सुधीर सैनी, गगन सैनी, मनमोहन सूद, संदीप सिंघल, दीपक मलिक, प्रतीक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामाजिक न्याय के अग्रदूत को नमनःमुजतबा एडवोकेट





शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि महात्म ाज्योति. बा फुले एक महान समाज सुधारक विचारक और सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे।

मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन हाशिये पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया था। उन्होंने शिक्षा समानता और जाति आधारित भेदभाव के उन्मूलन की पुरजोर वकालत की और उनका योगदान पीढ़ियो को प्रेरित करता आ रहा है

इस दौरान अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, कारी आबिद, अजीम मलिक, कुद्दूस मलिक, हाजी छोटा, अरशद मलिक, सुखदेव, फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, फजल मिर्जा, आजम मलिक, आमिर मलिक, महबूब तलहेड़ी, वकील मलिक, इस्लाम मलिक आदि मोजूद रहे।

# संविधान ने सबको समान अधिकार दिएः फिरोज

**सहारनपुर।** जागृति फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में डा. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

जेजेपुरम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के पदाधिकारियों एवं अतिथिगण ने बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं बुद्ध वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इंजी. एस. पी. सिंह ने जागृति फाउंडेशन ट्रस्ट के विगत 12 वर्षों से किए कार्यों की जानकारी के साथ की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता फिरोज आफताब ने कहा कि बाबा साहब डा. अम्बेडकर को अपने जीवन में रूढ़ीवाद व जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि डा. अम्बेडकर अपने द्वारा लिखे गए संविधान में जाति, धर्म एवं भेदभाव को समाप्त करते सभी को समान अधिकार एवं जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि यदि बाबा साहब न होते तो दबे-कुचले तबकों को उनके अधिकार हासिल नहीं होते। मुख्य मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, मण्डल प्रभारी सरफराज राईन, जिलाध्यक्ष रजनीश बन्धु, जनेश्वर प्रसाद, डा. अहतेशाम, संस्था अध्यक्ष रतिराम गौतम ने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर प्रत्येक नागरिक के सहयोग से देश को विकसित एवं विश्व गुरू बनाना होगा। कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष अनुज कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, वरिष्ठ सलाहकार राजेश कुमार, विधि सलाहकार राकेश कुमार तेजान, सदस्य श्रीपाल बौद्ध, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार डिंगल, अरविंद कुमार सहित भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।



# पीएम को देंगे ज्ञापनः संदीप



शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** आजाद समाज पार्टी के विधिक सलाहकार संदीप कांबोज एडवोकेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 14 अप्रैल को गणेश. पुर में ग्रीन एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है।

एडवोकेट संदीप कांबोज ने जारी वीडियो में कहा कि ज्ञापन में दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने पूरे देश में समान शिक्षा नीति लागू करने अभिभावकों को आर्थिक शोषण से बचाने के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य करने और टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर परिधि में आने वाले स्थानीय लोगों को टोल टैक्स से मुक्त करने की मांग शामिल होगी। कांबोज ने जिला प्रशासन से प्रधानमंत्री से मिलने का उचित समय देने की अपील भी की है।

उन्होंने कहा कि कुछ चिन्हित दुकानों से कोर्स बुक्स खरीदने के लिए बच्चों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इसलिए समान शिक्षा नीति लागू करना देश और समाज के हित में बेहद जरूरी है।

# फुले के आदर्शों को जीवन में अपनाएंः बेनीवाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** बसपा के मुख्य सैक्टर प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के पितामह महात्मा ज्योतिबा फुले व उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले का नाम इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। हमें उनके आर्दशों को अपने जीवन में अंगीकार करना चाहिये।

रणधीर सिंह बेनीवाल आज बसपा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्नीसवीं सदी के मध्य में दलितों व शोषितों की मुक्ति के लिये महात्मा ज्योतिबा फुले के जबरदस्त प्रयासों के कारण अकेले पुणे में ही नहीं बल्कि पूरे महाराष्ट्र में सामाजिक परिवर्तन की नई अलख जगी और विशेषकर नारी मुक्ति व सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य शुरू हुआ, जिस संघर्षों के लिये उनकी जितनी भी सराहना व प्रशंसा की जाये वह कम है। पोस्ट पर बहनजी ने लिखा है कि ऐसे अति-पिछड़े ओबीसी समाज के महापुरुष की स्मृति व उनके सम्मान में बी.एस.पी. सरकार द्वारा अनेकों कार्य यूपी में किये गये जिनमें अमरोहा को नया ज्योतिबा फुले नगर जिला बनाना शामिल है, किन्तु सपा सरकार ने इसे भी अपनी संकीर्ण राजनीति व जातिवादी द्वेष आदि के कारण इसका नाम भी बदल डाला। बी.एस.पी की सरकार द्वारा कासगंज को कांशीराम नगर जिला बनाने के साथ-साथ कानपुर देहात को रमाबाई नगर, संभल को भीमनगर, शामली को प्रबुद्ध नगर व हापुड़ को भी पंचशील नगर के नाम से नया जिला बनाया था, जिसे सपा सरकार ने जिला तो बनाये रखा लेकिन इन सभी जिलों के नामों को बदल डाला। यह पीडीए का अति दुखद चाल चरित्र व चेहरा है।

बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी नरेश गौतम, मंडल प्रभारी हाजी सरफराज राईन, जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु, आसिफ अली, रजनीश उजाला व जनेश्वर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# कार सहित चोर पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** क्षेत्र में वाहन चोरों म खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने चोरी की कार सहित एक वाहन चोर आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

थानाध्यक्ष सुरेश कुमार के अनुसार संदिग्ध हालत में घूम रही एक कार को रोककर जब गहनता से जांच की गई तो पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। पकड़ा गया आरोपी जीशान पुत्र रिजवान निवासी मोहल्ला संजय विहार कस्बा बनत थाना आदर्श मंडी शामली का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से वाहन चोरी के धंधे में सक्रिय होने की पुलिस को सूचनाएं मिल रही थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी चोरी की कारों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इंजन व चेसिस नंबर से छेड़छाड़ कर उन्हें ऊंचे दामों में बेचता था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चोरी की कार और फर्जी नंबर प्लेट बरामद करने का दावा किया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपी से कई अन्य वारदातों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां भी पुलिस को मिली।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। उधर थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

# भाजपा में बूथ स्तर पर कामः विश्नोई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि हर कार्य को बूथ स्तर पर करना भाजपा की असली ताकत है।




शीतल विश्नोई पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान केशव मंडल में चल रहे पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब से पहले किसी सरकार द्वारा ऐसे कार्य नहीं किए गए कि देश के कोने कोने में जहां तक सोचना तो बहुत दूर की बात है पहुंचना कितना मुश्किल होगा। आज उन लोगों तक पहुंच कर उनकी कला को विश्व के कोने कोने तक पहुंचने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पहुंचा रहे है।कार्यक्रम में महानगर महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह, किशोर शर्मा, मंडल गोपाल मेंहदीरत्ता, प्रवीण छावड़ा, मानवेंद्र भारद्वाज, नीरज ठकराल, संजय अरोड़ा, संजीव विश्वकर्मा, राजकुमार कालरा, मनीष राठी, सागर वर्मा, सुमित अरोड़ा, अमित मित्तल, संजीव कर्णवाल, राहुल झाम, प्रदीप शर्मा, दीपक रहेजा, परमेंद्र तोमर, नीरज कुमार, मनोज प्रजा. पति, के के बत्रा, राम लखन, राम राजपूत, दीपक राय, पारस ढींगड़ा, नितिन माहेश्वरी, मनीष अग्रवाल, सिमरन गुंबर, नंदिनी बाटला आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर फुंका

**तीतरों।** बिजलीघर का विद्युत ट्रांसफार्मर के फूंकने के कारण क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया है।

कई दिन पहले यह ट्रांसफार्मर फुक गया था इसके बाद से ही क्षेत्र वासियों को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। इससे पहले भी बिजली घर पर रखे एक ट्रांसफार्मर में टेक्निकल इश्यू आ गया था जिसे मरम्मत करने के बाद चालू कर दिया गया था लेकिन अब दूसरा ट्रांसफार्मर फूंक गया है। इसके फूकने के बाद से खेतों की विद्युत आपूर्ति बंद पार्टी है। किसान इन दोनों साठी धान की रोपाई कर रहे है। किसानों ने विद्युत ट्रांसफार्मर को सही कराने के मांग की है।

# फुले के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महात्मा ज्योति राव गोविंद राव फूले की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं उनके दलित एवं महिला उत्थान कार्यों का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपने का संकल्प दोहराया।



अंबाला रोड स्थित जिला कार्यालय पर जिला ध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि महात्मा ज्योति राव फुले समाज सुधार का ऐसा उदाहरण है जो आज भी हम सब के बीच प्रेरणा के रूप में प्रचलित है उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने दलित उत्थान और महिला शिक्षा जागृति के प्रति जो अलख जगाई थी है आज भी ज्योति बनकर समाज को रोशन कर रही है हमें ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज को और अधिक प्रभावशाली प्रेरणा स्रोत बनाना चाहिए।

प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव, चौधरी अब्दुल गफूर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, महानगर विधानसभा अध्यक्ष कासिफ अल्वी ने भी विचार रखे।

इस मौके पर महेंद्र खोटियान, रिजवान, अंकित शर्मा, देव कुमार, शाहिद मंसूरी, वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले को किया नमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** माता रमाबाई महिला मित्र मंडल द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम मनाते हुए उनके द्वारा समाज के प्रति किये गये कार्यो को याद किया गया।



सिद्धार्थ नगर स्थित शिक्षक नेता संजय तेगवाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को सभी सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि देकर नमन करते हुए उनके संघर्ष में जीवन और सामा. जिक को प्रभाव के खिलाफ आंदोलन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वर्तमान में सामाजिक रोटियां और को प्रथाओं के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प लिया तथा उनके आदर्शों को जीवन में धारण करने का भी संकल्प लिया शिक्षा के क्षेत्र में जिस प्रकार उन्होंने दबे कुचले और वंचित खासतौर से महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जो योगदान दिया उसके लिए सभी सदस्य संकल्पबद्ध है।

महिला मित्र मंडल के प्रमुख सदस्य संगीता तेग. वाल, कविता सिंह, शशि मौर्य, रेनू दूधेर, पूनम लंबा, उषा सिंह, अंजली सिंह, सुनीता धारीवाल, किरण सिंह, विमला देवी आदि ने अपने विचार रखें और आने वाले 14 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया।

# कराटे में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कराटे एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर की जिला कराटे चैंपियनशिप में खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्ग में जाकिया प्रथम वंशिका द्वितीय वरदान प्रथम अमैनुएल द्वितीय कार्तिक प्रथम गणेश द्वितीय नव्या प्रथम दीपाली प्रथम एंजेल प्रथम नैना पासी द्वितीय राधिका प्रथम अभय पासी प्रथम साक्षी प्रथम शैली पाल द्वितीय अंशिका प्रथम आरजू आरजू द्वितीय समरीन प्रथम निधि प्रथम आंचल द्वितीय वनस प्रथम विनायक द्वितीय वरदान प्रथम रहे। निर्णायक मंडल में पुष्कर सिंह पुंडीर, नंदकिशोर, एकता, अंकुर, सुरेश भारद्वाज, आयुष, रितु, राजेश, आराध्या, हिना शामिल रहे।

खिलाडियों को क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी राहुल चोपडा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेट्री नन्द किशोर, जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ एके गुप्ता, लाल धर्मेंद्र ने भी बच्चों को बधाई दी।

इस अवसर पर कोच निधि के साथ रश्मि मित्तल आदि मौजूद रहे।

# होम्योपैथी किफायती चिकित्सा पद्धतिःडा.नेत्रपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर होम्मोपैथी विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।



मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेत्रपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा विवेक कुमार यादव रहे। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार यादव ने विभाग की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनपद में वर्तमान में 08 होम्योपैथिक चिकित्सालय डिस्पेंसरी संचालित है वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 1,58,932 रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। नियमित ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री आरोग्स मेला एवं वाम सारथी पुलिस लाइन मेला एवं आयुष आपके द्वारा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्येक रविवार को आमजन तक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा रही है जिससे इस पद्धति की पहुंच और प्रभाव में वृद्धि हो रही है। डा. यादव ने बताया कि विभाग द्वारा होम्योपैथिक डिस्पेंसरी के निर्माण हेतु स्वयं की भूमि स्वीकृत कराई जा रही है इसमें शाहजहांपुर ब्लाक के फतेहपुर कला स्थित होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का निर्माण पूर्ण होकर स्थानांतरित किया जा चुका है वहीं नकुड एवं सरसावा स्थित डिस्पेंसरी हेतु भूमि की निरंतर तलाश की जा रही है इसके अतिरिक्त जिला महिला चिकित्सालय स्थित होम्योपैथिक इकाई के पुनर्निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बुड्ढा खेड़ा, देवबंद, बड़गांव को स्वयं की भूमिअस्पताल बनाने के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है। मुख्य अतिथि डॉक्टर नेत्रपाल सिंह ने होम्मोपैथिक पद्धति के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे सुरक्षित प्रभावी एवं किफायती चिकित्सा प्रणाली बताया तथा आमजन से इसके अधिक अधिक उपयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ होम्मोपैथिक चिकित्सक डॉ पी.डी. गर्ग, डॉ शिशिर भारद्वाज, डॉ हरीश मनचंदा, डॉ शमशाद, डॉ अजय सैनी, डा. मीना रावत, डा. सलविंदर कौर, डा. डॉक्टर गरिमा वर्मा, डा. रिजवान अली, डा. सुशील कुमार, डॉ सचिन कुमार, प्रज्वल भारती बाबूजी, लकी नेगी फार्मासिस्ट् प्रमोद कुमार शर्मा एम.ए अंसारी, मुकेश कुमार, गरिमा शुक्ला, अभिमन्यु वीर सिंह, अमित कुमार, जबर सिंह उपस्थित रहे।

